
# मेरे अधिकार और जिम्मेदारियाँ



मेरे कई
अधिकार और
जिम्मेदारियाँ हैं,
सभी की
तरह!

यह पुस्तक

नाम ____________________ की है।



कृप्या इसे चमकदार रगों से,
जैसे चाहो भरो!

मेरा अधिकार है
कि मेरी बात को
ध्यान से सुना
जाए...







...और सबकी यह
जिम्मेदारी है कि वे दूसरों
की बातें भी सुनें।




मेरा अधिकार है कि
मुझे अच्छी स्वास्थ्य
सेवा मिले....


....और सबकी यह
जिम्मेदारी है कि वे दूसरों
की मदद करें ताकि सभी
को स्वास्थ्य सेवा
और साफ़ पानी
मिल सके।



मेरा अधिकार है कि
मुझे अच्छी शिक्षा मिले...



मेरा अधिकार है कि
मेरा चोट और पीड़ा
से बचाव हो...





...और सबकी यह जिम्मेदारी है कि
वे सबको प्यार व देखभाल करें।


मेरा अधिकार है कि मेरे साथ
किसी भी तरह का भेदभाव
न हो...






...और सबकी यह
जिम्मेदारी है कि वे
सबको बराबर समझें।

मुझे अपनी संस्कृति और मान्यताओं पर गर्व करने का अधिकार है...




...और सब की यह जिम्मेदारी है कि वे सभी की संस्कृति और मान्यताओं का सम्मान करें।

मेरा अधिकार है कि
मेरा घर सुरक्षित और
आरामदेह हो...








...और सबकी यह जिम्मेदारी है
कि सभी बच्चों के पास घर हो।

मुझे गलतियां
करने का
अधिकार है...





...और सबकी यह
जिम्मेदारी है कि
वे समझें कि हम
अपनी गलतियों
से सीख सकेगें।

मेरा अधिकार है
कि मुझे अच्छा
व पेटभर खाना
मिले...








...और सबकी यह
जिम्मेदारी है कि कोई
भूखा न रहे।

मेरा अधिकार है कि मुझे
साफ वातावरण मिले...







...और सबकी यह
जिम्मेदारी है उसे
साफ रखें।



मुझे बिना लड़ाई-झगड़े के
जीने का अधिकार है...



...और सबकी यह
जिम्मेदारी है कि
वे एक-दूसरे से न
लड़ाई-झगड़ा करे।




मेरा अधिकार है
कि मुझसे पैसों
के लिए काम न
कराया जाए...





....और सबकी यह जिम्मेदारी है
कि किसी बच्चे से जोर
ज़बरदस्ती काम न
कराया जाए।





मेरे विचार

मेरे विचार

इस पुस्तिका में लिखित अधिकारों पर
हम आपके विचारों/प्रश्नों/सुझावों को
जानने के इच्छुक हैं।

कृपया इस पते पर लिखें:

बाल अधिकार अधिकारी
बटरफ्लाइज़
यू 4, प्रथम मंज़िल
ग्रीन पार्क विस्तार
नई दिल्ली 110 016

# बाल अधिकारों पर प्रस्ताव

20 नवम्बर 1989 को राष्ट्र संघ ने बच्चों और युवाओं के अधिकारों पर एक प्रस्ताव स्वीकृत किया। इसमें वे सभी अधिकार समहित है जो बच्चों और युवाओं को पूरे विश्व में प्राप्त हैं। भारत सरकार ने इस दस्तावेज पर दिसम्बर 1992 में हस्ताक्षर किये।

unicef

United Nations Children's Fund

संयुक्त राष्ट्र बाल निधि

Save the Children

United Kingdom

